**खबर संक्षेप**

## मारपीट से हुई मृत्यु पर आरोपीगण को दस वर्ष की सजा

**शहडोल।** माननीय अपर सत्र न्यायाधीश ब्यौहारी द्वारा मोनू खान पिता इमरान खान उम्र 35 वर्ष निवासी एम.पी.ई.बी. कॉलोनी खांड वार्ड नंबर 1, संदीप सिंह पिता राघवेन्द्र वैस 25 वर्ष निवासी ग्राम सुरवाढ़ थाना देवलोंद, पंकज बैस पिता राममित्र वैस 37 वर्ष निवासी ग्राम मझवाटोला थाना रामनगर जिला सतना, थाना देवलोंद एवं विराट सिंह पिता बालेन्द्र सिंह 26 वर्ष निवासी ग्राम सेमरी थाना उचेहरा जिला सतना को भादवि धारा 304 भाग दो में दोषी पाते हुये सभी आरोपीगण को 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5-5 हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। शासन की ओर से प्रकरण में आर. के. चतुर्वेदी अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी ब्यौहारी द्वारा पैरवी की गई। संभागीय जनसंपर्क अधिकारी नवीन कुमार वर्मा ने बताया कि घटना 15 अक्टूबर 2021 को मृतक अपनी दुकान में था तभी रात करीब 08 से 9 बजे आरोपीगण मृतक अरूण सोनी को हाथ-मुक्का लात से पेट सीना में मारपीट किया गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। प्रकरण में मृतक के पुत्र अतुल सोनी द्वारा रिपोर्ट करने पर थाना देवालोंद में अपराध धारा 302 भादवि0 के अंतर्गत पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में विवेचना थाना प्रभारी के.एन. बंजारे द्वारा की गई। विवेचना उपरांत प्रकरण माननीय न्यायालय में पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा अभियोजन द्वारा प्रस्तुत किए गए सशक्त तर्कों से सहमत होकर एवं प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विचारण उपरांत आरोपीगणों को उपरोक्तानुसार दण्ड से दंडित किया गया।

## एकांश पांडे का सुयश



**शहडोल।** 10 वीं व 12 वीं सीबीएसई स्कूल के परिणाम घोषित किए गए हैं, इस परिणाम में जिले भर के कई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी है, छात्र-छात्राओं के अच्छे प्रतिशत ने उनकी मेहनत पर चार चांद लगा दिए हैं, वहीं केंद्रीय विद्यालय शहडोल मे कक्षा दसवीं में अध्यनरत एकांश पांडे ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय के साथ-साथ अपने माता-पिता का भी नाम रोशन किया है, पिता संजय कुमार पांडे, माता बबीता पांडे, भाई जयेश पांडे सहित वरिष्ठ एवं कनिष्ठों ने एकांश के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ



**शहडोल।** जिला मुख्यालय से जुड़े ग्राम नरगी की पावन धरा में शुक्ला परिवार के द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा में शामिल 11 कन्याओं के साथ सभी माताएं बहने और सभी पुरुष और धर्मप्रेमी कीर्तन-भजन करते हुए हनुमान मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर ग्राम परिक्रमा कर स्थित कथास्थल पर कलश को स्थापित किया गया। इस दौरान आयोजक पंडित शिव दयाल शुक्ला ने सभी भक्तों कथा श्रोतों का अभिनंदन करते हुए कहा कि आप लोगों ने भागवत कथा अनुष्ठान को सुनकर शुक्ला निवास और ग्राम नरगी को भक्तिमय माहौल में परिवर्तित कर दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों से कोरोना लाकडाउन के कारण इस प्रकार का आयोजन नहीं हो पाया है। जिसके कारण मेरे परिवार और भक्तजनों के मन में आयोजित भागवत कथा अनुष्ठान को धूमधाम से मनाने का उत्साह है। भागवत कथा 12 मई से 18 मई तक संध्या 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक होगी। शुक्ला परिवार से आयोजक शिवभूषण शुक्ला एवं रामभूषण शुक्ला ने सभी धर्म प्रेमियों से आग्रह किया कि बढ़-चढक़र भागवत कथा अनुष्ठान में सम्मिलित होकर कथा का श्रवण करें और पुण्य का लाभ प्राप्त करें, भागवत कथा में सैंकड़ों की संख्या में परिवार समाज के धर्म प्रेमी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हर शाम जीएमसी के टॉप फ्लोर पर करेंगे दारू पार्टी

## मेडिकल के छात्रों के साथ डॉक्टर्स की हुड़दंग हुई वॉयरल










मेडिकल कॉलेज की छत पर शराब व कबाब के साथ मदमस्त होकर डॉक्टर्स का एक वीडियो सोशल मीडिया में वॉयरल हो रहा है, जिस पर तरह-तरह के कमेंट्स भी आ रहे हैं, पहले यहां के छात्र व स्टॉफ बार में महानगरीय संस्कृति फैलाते नजर आते थे, लेकिन अब इनकी मौज मस्ती के दायरे में मेडिकल कॉलेज की छत से लेकर अन्य हॉल तक शामिल हो गये हैं।

शहडोल।

बिरसा मुण्डा मेडिकल कॉलेज शहडोल आये दिन किसी न किसी बात को लेकर चर्चाओं में रहा है, कोरोना काल के दौरान सिलेण्डरों की कमी से मरीजों की मौत और इसके बाद यहां के स्टॉफ के द्वारा रेमडेसिविर की काला बाजारी ने शहडोल के जीएमसी को पूरे प्रदेश भर में सुर्खियों में ला दिया था। इधर कुछ दिनों से जीएमसी की छत का एक वीडियो, जिसे शायद छात्रों या स्टॉफ ने अपनी मस्ती के लिए बनाया था, अब सोशल मीडिया में जमकर ट्रेंड हो रहा है। इस वीडियो में यहां पदस्थ डॉ. पटेल नामक कर्मचारी और कई छात्र नजर आते हैं, हालाकि इस मामले में मेडिकल कॉलेज प्रबंधन खुद को पूरी तरह किनारे कर मामले से अनभिज्ञता जता रहा है, लेकिन शराब व कबाब के नशे में मस्त यह वीडियो यहां की शिक्षा और संस्कारों की अलग ही कहानी बयां करता है।

### हर दिन होती है दारू पार्टी

जीएमसी से जुड़े सूत्रों की माने तो, यहां हर दिन किसी न किसी गुट व खेमें के द्वारा इस तरह की पार्टी का आयोजन कभी किसी कार्यालय या वार्ड के ट्रेरिस पर आयोजित होता है तो, कभी हॉस्टल की छतों और किनारे वाले एकांत लॉन पर इस तरह के कार्यक्रम अब आम हो चले हैं, खासकर शनिवार और रविवार के दिन यहां दारू पार्टी जमकर होती है। यह खबरें इसलिए भी बाहर नहीं आती, क्योंकि इसमें यहां का मैनेजमेंट और डॉ. विपिन पटेल जैसे कर्मचारी खुद आयोजक के तौर पर शामिल रहते हैं।

### गिर रही जीएमसी की साख

बिरसा मुण्डा मेडिकल कॉलेज में देश भर के बच्चे चिकित्सा शिक्षा के लिए चुनकर भेजे जाते हैं, इसमें लडक़ों के साथ लड़कियां भी शामिल रहती है, बीते वर्ष शहडोल के बस संचालक पप्पू नफीस के पुत्र से हुए विवाद में यहां अध्ययनरत कुछ छात्र-छात्राओं के नाम सामने आये थे, लेकिन तत्कालीन डीन ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए पूरा मामला बस संचालक के ऊपर थोप दिया था। यही वजह थी कि इस घटना के बाद पूरी तरह से बच निकले छात्र-छात्राओं का हौसला कई गुना बढ़ गया और शनिवार की हर शाम यहां के छात्र-छात्राएं मयखानों में नजर आने लगे। इन सब कारणों से जीएमसी की साख पर धब्बा लगा।

### संभावित हादसे का जिम्मेदार कौन

मेडिकल कॉलेज परिसर की चार से छः मंजिला इमारतों के टेरिस पर शराब के नशे में धुत्त होकर धुएं के छल्ले उड़ाते छात्रों और कर्मचारियों को आखिर इस मौज-मस्ती की छूट किस जिम्मेदार ने दे रखी है, देश के कई अन्य प्रतिष्ठित महाविद्यालयों में इस तरह की दारू-मुर्गा पार्टी के बाद छात्रों में हुए आपसी विवाद के बाद टेरिस से एक-दूसरे को नीचे फेंकने और खुद कूद जाने के मामले पूर्व में कई बार सामने आये हैं। जीएमसी शहडोल में तो छात्रों ने एक कदम और आगे बढ़ते हुए टेरिस पर होली तक जला रखी है। इस दौरान यदि कोई हादसा या अपराध कारित होता है तो, उसकी जिम्मेदारी मेडिकल कॉलेज के डीन या शहडोल पुलिस के जिम्मेदार अधिकारियों में से आखिर कौन लेगा।

### वीडियो में मैं नहीं हूं न मैं जेआर हॉस्टल जाता हूं

डॉ. व्ही.पी. पटेल से इस संदर्भ में जब वीडियो साझा कर पक्ष जाना गया तो, उन्होंने बताया कि वे इस वीडियो में नहीं है और न ही ऐसी किसी दारू-मुर्गा पार्टी में शामिल होते हैं, उन्होंने कहा कि संभवतः यह वीडियो जेआर हॉस्टल की छत का है। इससे मेरा कोई सरोकार नहीं है।

### इनका कहना है

इस तरह का आचारण बिल्कुल गलत है, मुझे यहां आये हुए अभी कुछ समय ही हुआ है, आप वीडियो भेज दीजिए, इसकी जांच कराई जायेगी।

**डॉ. जी.वी रामटेक**
**डीन**
**बिरसा मुण्डा मेडिकल कॉलेज, शहडोल**

# सोशल मीडिया को डीएम को दिखाई अस्पताल की हकीकत

शहडोल।

कलेक्टर तरूण भटनागर के द्वारा आमजनता के समस्याओं के सीधे निराकरण के लिए सोशल मीडिया के फेसबुक प्लेटफार्म पर किये गये नवाचार के सार्थक नतीजे सामने आ रहे हैं। शहडोल मुख्यालय ही नहीं बल्कि जिले के अन्य कस्बाई व ग्रामीणों क्षेत्रों से नागरिक कलेक्टर से समस्याओं को साझा कर निराकरण की मांगे करने लगे हैं। इसी क्रम में आर्य द्विवेदी नामक एक यूजर ने कलेक्टर को शहडोल जिला चिकित्सालय में फैली अव्यवस्था के फोटो साझा करते हुए हकीकत से रूबरू कराया है। अब दोना यह है कि इस मामले में जमीनी स्तर पर कब तक व्यवस्था दुरूस्त होती है।




### प्राइवेट वार्ड हुए बेकार

आर्य द्विवेदी नामक यूजर ने कलेक्टर तरूण भटनागर को संबोधित करते हुए लिखा कि उसने जिला चिकित्सालय में प्राइवेट वार्ड लिया हुआ था, लेकिन वहां के बाथरूम में पानी ही नहीं था, ऐसी स्थिति में मरीज या तो बाहर से पानी लेकर आये, या फिर शौच या नहाने के लिए पीछे गंदगी के बीच लगे नल से अपना निस्तार करे।

### कीचड़ के बीच बन रहा भोजन

सोशल मीडिया के फेसबुक प्लेटफार्म पर आर्य द्विवेदी ने अस्पताल के पीछे की गंदगी, और गंदगी के बीच ग्रामीण क्षेत्रों से आये मरीजों के परिजन जिसमें महिलाएं और बच्चे शामिल है, वे भोजन बनाते हुए नजर आ रहे हैं। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि भले ही अस्पताल में भर्ती मरीज दवाओं से ठीक हो जाये, लेकिन बाहर परिजन जिस गंदगी के बीच रहकर भोजन बना रहे हैं, वे यहां से जरूर बीमार होकर ही जायेंगे।

# अवैध रेत से डाली जा रही सीएम राईज की नींव





बुढ़ार।

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटकोना में सीएम राईज विद्यालय की नीव भोपाल के ठेकेदार के द्वारा रखी जा रही है, बीते वर्ष के अगस्त माह में ही यहां कन्या परिसर के ठीक बगल से सीएम राईज स्कूल स्वीकृत हुआ था, जहां बीते माह भोपाल की ठेका कंपनी ने यहां निर्माण शुरू कर दिया, निर्माण एजेंसी के द्वारा स्थानीय खनन माफियाओं से रेत क्रय की जा रही है, हालाकि शासकीय कार्य होने के कारण आने वाले दिनों में भुगतान के लिए बिल सम्मलित किये जायेंगे तो, किसी न किसी से रॉयल्टी क्रय कर दर्शा ली जायेगी, लेकिन इस बीच भण्डारण की गई दो दर्जन से अधिक हाईवा रेत और गिट्टी की रॉयल्टी को लेकर ठेकेदार और खनिज विभाग कटघरे में खड़ा नजर आ रहा है।

### समीपी नालों व सोन से अवैध खनन

सीएम राईज स्कूल के निर्माण की आधारशिला ही चोरी की रेत से रखी जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो, जरवाही के साथ ही हड़हा और आस-पास के सोन नदी के घाटों से रेत यहां पहुंच रही है, जबकि इन क्षेत्रों में खनिज विभाग ने कोई भी वैध ठेके की अनुमति नहीं दी है। गौरतलब है कि बीते पखवाड़े ही अवैध रेत खनन को रोकने गये एएसआई की हत्या खनिज माफिया द्वारा कर दी गई थी, जिसके बाद खनिज और पुलिस विभाग ने पूरे जिले में ताबड़तोड़ कार्यवाही की, बावजूद इसके सीएम राईज विद्यालय के निर्माण में उपयोग में लाई जा रही रेत के साथ ही गिट्टी को अवैध खनन की जानकारियां सामने आ रही हैं।

### इनका कहना है

मामले की जांच कराई जायेगी और इस बात की तस्दीक की जायेगी कि रेत कहां से लाई गई और रखी गई रेत की रॉयल्टी है या नहीं।

**देवेन्द्र पटले**
**खनिज अधिकारी, शहडोल**

# कुपोषण के विरूद्ध करें समन्वित प्रयास: कमिश्नर

**दगना प्रथा रोकने में उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध की जायेगी शख्त कार्यवाही: कमिश्नर**

**कमिश्नर ने परियोजना अधिकारी सोहागपुर और बीएमओ के विरूद्ध कार्यवाही करने के दिए निर्देश**

शहडोल।

कमिश्नर बी.एस.जामोद ने संभाग में कुपोषण रोकने और दगना प्रथा जैसी कुप्रथा को रोकने के प्रयासों के प्रति उदाशीनता बरतने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि कुपोषण और दगना प्रथा जैसी कुप्रथा को रोकने में उदासीनता और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कमिश्नर ने कहा है कि कुपोषण और दगना प्रथा जैसी कुप्रथा को रोकने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, चिकित्सा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे प्रयास नाकाफी हैं। कमिश्नर ने कहा है कि कुपोषण रोकने और दगना प्रथा को रोकने के कार्य हम सिर्फ आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से नहीं कर सकते इसके लिए सभी विभागीय अधिकारियों को समन्वित रूप से प्रयास करने होंगे।

### सनिरंतर करें मानीटरिंग

कमिश्नर ने कहा है कि संभाग से कुपोषण और दगना प्रथा को रोकने के लिए हम सब को मिलकर समन्वित प्रयास करनें होंगे, स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक कारगर और बेहतर बनाना होगा, आंगनबाडी केन्द्रो को स्वच्छ और सुंदर बना कर आंगनबाडी केन्द्र द्वारा दी जा रही संदर्भ सेवओं को प्रभावी



और परिणाम मूलक बनाने के निरंतर प्रयास करने होंगे, तभी हम दगना प्रथा जैसी कुरीतियों को रोक पाने में सफल होंगे। कमिश्नर ने संभाग के सभी जिला कार्यक्रम अधिकारियों, परियोजना अधिकारियों और महिला बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षकों, स्वास्थ्य विभाग के सभी मुख्य चिकित्सा एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे ग्रामीण क्षेत्रों का निरंतर भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं और महिला एवं बाल विकास द्वारा दी जा रही संदर्भ सेवाओं की निरंतर मानीटरिंग करें।

### ्वास्थ्य सेवाओं को करें बेहतर

कमिश्नर ने कहा है कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण नहीं कर रहे हैं तथा मैदानी हकीकत से अन्जान हैं। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में जाएं, आंगनवाड़ी केन्द्रों द्वारा दी जा रही संदर्भ सेवाओं की निरंतर मानीटरिंग करें। कमिश्नर ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं कि वे ग्रामीण क्षेत्रों का निरंतर भ्रमण करें स्वास्थ्य सेवाओ को बेहतर करें, लोगों को प्राथमिकता के साथ स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराएं। कमिश्नर ने निर्देशित करते हुए कहा है कि गांवों में आंगनबाडी केन्द्रों द्वारा दी जा रही संदर्भ सेवाओं, स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति ठीक नहीं है, इसमें सुधार करने की अवश्यकता है।

### नाराज हुए आयुक्त

कमिश्नर ने कहा कि मैं अधिकारियों के दल के साथ निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण पर रहूंगा इस दौरान आंगनबाडी केन्द्रों और स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण करूंगा स्थिति ठीक नहीं पाये जाने की स्थिति में शख्त कार्यवाही करूंगा। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बी एस जामोद ने उक्त निर्देश आज विकास कार्यों की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में दिए। कमिश्नर ने कहा कि दगना प्रथा रोकने के लिए मुझे ठोस और परिणाम मूलक कार्यवाही चाहिए। कमिश्नर ने संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शहडोल एवं अन्य अधिकारियों से चालू मई माह में ग्रामीण क्षेत्रो में उनके द्वारा की गई भ्रमण कार्यों की जानकारी ली। दोनों अधिकारियों द्वारा अपेक्षित जानकारी नहीं देने पर कमिश्नर ने कडी नाराजगी व्यक्त की तथा चेतावनी दी कि सभी अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण पर जाएं।

### शिविरों को गंभीरता से लें

कमिश्नर ने निर्देश दिए कि संभाग में दगना प्रथा रोकने के लिए जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जागरूकता शिविरों में दगना प्रथा रोकने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि दगना प्रथा जागरूकता शिविर सिर्फ आशा कार्यकताओं तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि शिविरों में चिकित्सों, महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाईजर की भागीदारी अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि दगना प्रथा को रोकने के लिए आयोजित शिविरो को मैदानी अधिकारी, कर्मचारी अति गंभीरता से लें, सिर्फ आशा कार्यकर्ता के भरोसे न रहें। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि वह समय-समय पर स्वयं शिविरो का निरीक्षण करेंगे, तथा शिविरों की मानीटरिंग करेंगे। कमिश्नर ने अधिकारियो को निर्देश दिए हैं कि वे सिर्फ आंकडे बाजी न करें बल्कि कुपोषण और दगना जैसी प्रथा को रोकने के लिए ठोस और परिणाम मूलक कार्यवाही करें।

### इनकी रही मौजूदगी

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शहडोल राजेश जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनूपपुर तन्मय वशिष्ट, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया अभय सिंह ओहरिया, उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पाण्डेय, संयुक्त संचालक महिला बाल विकास डॉ मंजूलता सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ए.के.लाल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# जल संवर्धन और संरक्षण के कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से कराएं: कमिश्नर

**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस.जामोद ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे मनरेगा योजना में जल संवर्धन और संरक्षण के कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण कराए। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि शहडोल संभाग के ऐसे क्षेत्र जहां जल का अभाव हो ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित कर ऐसे क्षेत्रों में तालाबों का निर्माण प्राथमिकता से कराएं। कमिश्नर ने कहा है कि ऐसे क्षेत्रों का जल स्तर बढना चाहिए जहां पानी की कमी है। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि शहडोल क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रो में बड़ी संख्या में निर्माण कार्य संचालित किए जा रहे हैं, इन निर्माण कार्यों का निरीक्षण कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री स्तर के अधिकारी सतत रूप से करें, तथा निमार्ण कार्यों के निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री और सहायक यंत्री निमार्ण कार्यों की गुणवत्ता का अवलोकन भी करें। उन्होनें कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे निर्माण कार्यों में उच्च स्तर की गुणवत्ता होनी चाहिए।

### पेयजल समस्या वाले गांवो को करें चिन्हित

कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि एमबीए चेक करने का दायित्व कार्यपालन यंत्री सेवा का है, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एमबीए चेक करें। कमिश्नर ने ग्रामीण यांत्रिकी सेंवा विभाग के कार्यपालन यंत्रियों द्वारा एमबीए चेक करने के कार्य में उदासीनता बरतने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों का निरीक्षण करना कार्यपालन यंत्री का प्राथमिक कार्य है। कार्यपालन यंत्री ग्रामीण विकास विभाग इस कार्य को प्राथमिकता दें। कमिश्नर बी.एस. जामोद ग्रामीण विकास विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में कमिश्नर ने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में जहां पेयजल की समस्या है ऐसे गावों को चिन्हित कर ग्रामीणों को प्राथमिकता के साथ पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्ति कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रो के लोगों को किसी भी स्थिति में पेयजल की समस्या न हो। बैठक में कमिश्नर ने जल संरक्षण को बढावा देने के लिए निरंतर प्रयास करने के निर्देश दिए। अमृत सरोवर में हुआ घटिया स्तर का निर्माण बैठक में निर्माण कार्यों की मूल्यांकन की प्रगति की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सभी उपयंत्री अपने सेक्टर का रोस्टर बनाएं और रोस्टर के आधार पर मनरेगा के कार्यों का मूल्यांकन कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि उपयंत्री निर्माण कार्यों का मूल्यांकन मौके पर जा कर करें। कमिश्नर ने यह भी निदेश दिए हैं कि जल संरचनाओं का निर्माण करते समय सही स्थल चयन करें, स्थल चयन करते समय ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी सहमति भी लें। बैठक में अमृत सरोवर योजना की समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने निर्देश दिए कि ब्यौहारी विकास खंड के ग्राम पंचायत कुंआ में अमृत सरोवर योजना के तहत कराए गए निर्माण कार्य काफी घटिया स्तर का है, उसमें तत्काल सुधार कराएं।

### योजनाओं की समीक्षा

बैठक में कमिश्नर द्वारा जिलेवार लेबर बजट की उपयोग की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जनपद पंचायत ब्यौहारी करकेली, जैतहरी जयसिंहनगर, एवं पाली द्वारा सत प्रतिशत लेबर बजट के उपयोग नहीं किए जाने पर कमिश्नर ने नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिए कि सभी मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मानव दिवसों का सृजन कर सत प्रतिशत लेबर बजट का उपयोग सुनिश्चित कराएं।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात आरोपी पर 10 हजार रूपये का ईनाम घोषित

**उमरिया।** पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने थाना नौरोजाबाद के अपराध क्रमांक 482/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्टा के अज्ञात आरोपी पर 10 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया है । ईनाम वितरण के संबंध में पुलिस अधीक्षक का अंतिम निर्णय होगा ।

### अवैध मदिरा जप्त

**उमरिया।** जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि मदिरा के अवैध विक्रय, संग्रहण एवं आसवन के विरूध्द कार्यवाही की गई है जिसमें विनोद कोल ग्राम चंदिया के अधिपत्य से 6 लीटर हाथ भटटी शराब, पान बाई ग्राम चंदिया के अधिपत्यय से 30 किलो ग्राम महुआ लाहन तथा कुसुमी बाई ग्राम चंदिया के अधिपत्यत से 45 किलो ग्राम महुआ लाहन जप्तम किया गया है । कार्यवाही मे तीन प्रकरणों में 6 लीटर हाथ भटटी शराब, 75 किलो महुआ लाहन जप्तह किया गया । जिसकी अनुमानित कीमत 8400 रूपये है । आरोपियो के विरूध्दन आबकारी अधिनियम के तहत मामला कायम कर लिया गया है ।

### जन मन योजना के विभिन्न घटकों में प्रगति लाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में जन मन योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों मे बैगा परिवारों के शत प्रतिशत आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र बनवाये जाए। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा राजस्व विभाग के मैदानी अमले को जवाबदारी सौपी जाए। कलेक्टर ने कहा कि संबंधित एसडीएम नियमित रूप से अनुविभाग स्तर पर प्रगति की समीक्षा करें तथा समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में प्रतिवेदन प्रस्तुत करें । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम पाली टी.आर.नाग, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर, अंबिकेश प्रताप सिंह, सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

### सीएम हेल्पलाइन के लंबित शिकायतों का करें निराकरण

**उमरिया।** अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम ने अनुविभागीय अधिकारी बांधवगढ, मानपुर एवं पाली से कहा है कि एल-1, एल-3 तथा एल-4 में लंबित भू अर्जन से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से परीक्षण करते हुए सीएम हेल्पेलाइन मे समाधानकारक निराकरण दर्ज कराते हुए शिकायत बंद कराना सुनिश्चित करें ।

### शक्ति माई धाम में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन 16 मई से

**चचाई।** संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान महायज्ञ का आयोजन 16 में से 23 में तक विद्युतनगरी चचाई मौहार टोला स्थित शक्ति माई धाम मंदिर आजाद चौक में शाम 3 बजे से 7 बजे तक आयोजित किया जाएगा इस ज्ञान यज्ञ में 16 मई दोपहर 12 बजे कलश यात्रा बेदी पूजन व कथा का शुभारंभ होगा उक्त महायज्ञ में कथा वाचक श्री कीर्ति किशोरी श्रीधाम वृंदावन के सु मधुर वाणी से रसपान कराएंगी कार्यक्रम के मुख्य यजमान में अंजोरा सिंह राजपूत एवं चंद्रभान सिंह राजपूत हैं।

### अवैध रेत चोरी कर परिहवन करते पाए जाने पर बिजुरी पुलिस ने की कार्यवाही

**बिजुरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार के द्वारा अवैध रेत परिवहन पर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मन्सूरी एवं एस.डी.ओ.पी. अनूपपुर सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन में बिजुरी पुलिस द्वारा आज 14 मई को कनई नदी झाराघाट डोंगरिया खुर्द में घेराबंदी कर एक नीले कलर के सोनालिका ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 54 एए 1366 से अवैध रेत खनिज परिहवन करने पर रेड कार्यवाही कर अवैध रेत परिहवन करते हुए उक्त ट्रेक्टर ट्राली को जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया तथा आरोपी चालक सेमलाल पाव पिता रतनलाल पाव उम्र 38 वर्ष निवासी थानगांव थाना बिजुरी के विरुद्ध क्रमांक 129/2024 धारा 379, 414 ता0हि0 4/21 खान खनिज अधिनियम वाहन एम.व्ही. एक्ट की धारा 3/181 का पंजीबद्ध किया जाकर अनुसंधान किया जा रहा है।

## राशि खर्च होने के बावजूद नहीं हुआ निर्माण

# बगैर मजदूरों के 5 लाख की पुलिया का हुआ निर्माण

### आंख पर पट्टी बांध भ्रष्टाचार करने की दी स्वीकृति

ग्राम पंचायत सरवारी में सरपंच, सचिव की लापरवाही से विकास कार्य अटके पड़े हैं, जिसके चलते लोग परेशान हैं। जिसका सबसे बड़ा उदाहरण है कि विधायक निधि से 5 लाख की राशि से पुलिया निर्माण होना था, लेकिन राशि खर्च होने के बावजूद स्थल से पुलिया गायब है।




**शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर जनपद की सरवारी ग्राम पंचायत में बीते वर्षो में भ्रष्टाचार खुला खेल-खेला गया, निर्माण कार्य कराये बगैर राशि आहरित कर ली गई, ग्राम पंचायत सरवारी में धेनू कोल के खेत के पास पुलिया स्वीकृत हुई थी, जिसे पंचायत के जिम्मेदारों ने ऑफ रिकार्ड ठेके पर दे दिया। तत्कालीन उपयंत्री के साथ सरपंच-सचिव ने सांठ-गांठ कर राशि आहरित कर ली, लेकिन निर्माण स्थल से पुलिया आज भी गायब है। मजे की बात तो यह है कि शासकीय राशि निकालने की इतनी जल्दबाजी थी कि तकनीकि मापदण्डों के तहत स्वीकृत राशि में मजदूरी का ख्याल न रखते हुए बगैर मजदूरी भुगतान किये ही पूरी राशि आहरित कर ली गई। ऐसा नहीं है कि यह कोई पहला मामला हो, ग्राम पंचायत सरवारी में लगभग पक्के निर्माण को पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा ठेके पर करवाया गया, ज्यादातर बिल कागजी फर्मों के लगाये गये हैं, अगर पंचायत में लगी निर्माण सामग्री की रॉयल्टी की जांच हो जाये तो, फर्म के नाम पर अवैध कारोबार करने वालों की कलई भी खुलकर सामने आ सकती है।

### मूल्यांकन की फिक्र नहीं

सरवारी ग्राम पंचायत में पुलिया निर्माण कार्य प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना से ग्राम सभा में 26 जनवरी 2022 को स्वीकृत हुआ था, उक्त निर्माण की तकनीकि स्वीकृति 23 मई 2022 को और प्रशासकीय स्वीकृति 28 मई 2022 को विभाग द्वारा दे दी गई थी। उक्त निर्माण 5 लाख लागत से किया जाना था, जिसमें 4 लाख 25 हजार निर्माण सामग्री पर व्यय होनी थी और 75 हजार रूपये मजदूरी पर व्यय होना था। उक्त निर्माण के लिए चयनित हुए स्थल आज तक निर्माण नहीं हुआ और स्वीकृत राशि खर्च हो चुकी है। जानकारों की माने तो उक्त निर्माण सत्ताधारी दल के नेताओं द्वारा की गई, जिसके चलते पंचायत के कर्मचारी भी फंस चुके हैं, वहीं दूसरी ओर उपयंत्री द्वारा उक्त निर्माण का मूल्यांकन नहीं किया जा रहा है, जिसके चलते आज भी अभिलेखों में उक्त कार्य प्रगतिरत है।

### स्वीकृत से ज्यादा निर्माण सामग्री पर खर्च

ग्राम पंचायत सरवारी के जिम्मेदारों ने चंद रूपयो की लालच में नियम विरूद्ध विधायक निधि का उपयोग किया है, निर्माण सामग्री पर 4 लाख 25 हजार की जगह 4 लाख 99 हजार 922 रूपये खर्च कर दिये गये, इसके अलावा मजदूरी पर जहां 75 हजार रूपये व्यय किया जाना था, लेकिन पंचायत में चल रही ऑफ रिकार्ड ठेका पद्धति के चलते मजदूरों पर राशि व्यय ही नहीं की गई, इससे साफ जाहिर है कि ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों को स्वीकृतियों से ज्यादा लेना-देना नहीं रहता, लेकिन पंचायत के सरपंच-सचिव इतने जुगाडू हैं कि बगैर मजदूर पुलिया निर्माण करा दिया।

### सीख ले जनपद-जिला पंचायत

जनपद सहित जिला पंचायत में बैठे मुखिया को सरवारी ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव से सीख लेना चाहिए कि आखिर बगैर मजदूर निर्माण कैसे कराया जाता है, हालाकि चर्चा है कि सरपंच-सचिव सहित कुछ सत्ताधारी दल के नेता उक्त निर्माण के दौरान मजूदरी कर रहे थे, इसकी के चलते स्थानीय लोग उक्त निर्माण के दौरान रोजगार से वंचित रह गये, हालाकि अभी स्थानीय लोगों को प्रशासन उक्त निर्माण में रोजगार दिलवायेगा, क्योंकि अभी खाते में 78 रूपये बाकी है और जून 2023 में अंतिम बार राशि निकलने के बावजूद अभी भी कार्य प्रगतिरत है।

### सरकारी धन की खेली होली

पंचायत दर्पण में साफ देखा जा सकता है कि ग्राम पंचायत सरवारी के जिम्मेदारो ने किस तरह से फर्जी बिल लगा कर सरकारी धन की सफाई करते हुए गबन किया गया है, पोर्टल में साफ देखा जा सकता है कि कैसे कैसे बिल लगे हुए है, निर्माण कार्य के दौरान मजदूरी भुगतान न होना यह दर्शाता है कि निर्माण कार्य के दौरान पंचायत के तत्कालीन सचिव-सरपंच ने किस कदर शासकीय राशि की होली खेली। मजे की बात तो यह है कि नियम विरूद्ध भुगतान होते रहे और उपयंत्री, पंचायत इंस्पेक्टर सब के सब आंख पर पट्टी बांध भ्रष्टाचार की अनुमति दे रहे। जागरूक लोगों ने वर्तमान उपयंत्री सहित जनपद के मुखिया से मांग की है कि पूरे मामले की जांच कराकर वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाये।

### इनका कहना है...

निर्माण कार्य मेरे कार्यकाल का नहीं है, अगर ऐसा हुआ है तो, गलत हैं, मैं दिखवाता हूं, हालाकि इस मामले में आप सचिव से बात करें।

**हेमेन्द्र पटले**
**उपयंत्री**
**जनपद पंचायत जयसिंहनगर**

## सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध के बारे में दी गई जानकारी




**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन द्वारा स्वच्छता पखवाडा के संबंध में दिए गए निर्देश के परिपालन मे नगरीय निकाय उमरिया मे प्रतिष्ठानों के संचालकों को सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध की जानकारी दी गई एवं उनसे कहा गया कि प्लास्टिक के थैलों के बजाय कपडे के बैग, पेपर बैग का उपयोग करें । इसके साथ ही जो ग्राहक आपकी दुकान आते है उन्हें इस बात के लिए प्रेरित करें कि समान रखने के लिए घर से कपडे का झोला लेकर आए।

## जिला परिवहन अधिकारी ने किया दो वाहनो का फिटनेस निरस्त

**उमरिया।** जिले में दो अलग अलग जगहो पर पिकअप पलट गया । जिसमें कई लोग घायल हुए है । दोनों ही घटना के तुरंत बाद जिला परिवहन अधिकारी संतोष पॉल के निर्देश में जिला परिवहन टीम दोनों घटनास्थल पर पहुँचकर मालवाहकों को सवारी गाड़ी में उपयोग करते पाए जाने पर दोनों वाहनों के फिटनेस निरस्तीकरण की कार्यवाही की गई है। साथ ही जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि दोनों आरोपी वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस भी निरस्त किए जाएंगे। जिले के नौरोजाबाद थानान्तर्गत की 14 मई की सुबह 7 से 8 बजे गहिराटोला के करौंदी से मरदर गाँव के लिए 20 से 25 लोग मालवाहक पिकअप में सवार होकर ग्रामीणजन लौट रहे थे। तभी ठड़ीपाट के पास मोड़ में पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। अचानक हुई इस घटना में पिकअप में चीखपुकार मच गई।घटना की सूचना मिलते ही नौरोजाबाद डायल100 मौके पर पहुँची और बिना देर किए घायलों को डायल100 में बैठाकर जिला चिकित्सालय उमरिया की ओर रवाना हो गए हालांकि समय रहते जिला चिकित्सालय के 108 वाहन भी मौके पर पहुंच गए। जिनकी मदद से सभी घायलों को जिला चिकित्सालय उमरिया लाया गया है। वही दूसरी घटना में जिला मुख्यालय उमरिया से कुछ ही दूर पर ग्राम तामन्नारा में पिकअप दुर्घटना का शिकार होकर पलट गई।घटना में पिकअप में बैठे हुए ग्राम उरदानी और सहजनारा के 10 लोग घायल हो गए। जिनमे से एक महिला की हालत गंभीर होने के कारण मेडीकल कालेज जबलपुर रेफर किया गया है।सिविल सर्जन डॉ केसी सोनी ने जानकरी देते हुए बताया कि एक महिला को हेड इंज्युरी होने के कारण जबलपुर मेडीकल कालेज रेफर किया गया है। बाकी सभी घायलों की हालत खतरे के बाहर है,जिनका ईलाज जिला चिकित्सालय उमरिया में किया जा रहा है। दुर्घटना में घायल हुए संपत यादव ने बताया कि पिकअप चालाक की लापरवाही से पिकअप दुर्घटना का शिकार हुई है। वही ग्राम पंचायत उरदानी के सरपंच कुंज बिहारी सिंह परस्ते ने जानकारी देते हुए बताया कि पिकअप चालक ने पिकअप में गेंहू लोड किया था और उसके ऊपर सवारी बैठाया हुआ था। जिस कारण यह दुर्घटना घटित हुई है।

## कलेक्टर ने गेहूं, चना, मसूर, सरसों की खरीदी एवं परिवहन की समीक्षा की



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में गेहूं खरीदी तथा चना, मसूर, सरसों की खरीदी एवं परिवहन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने पंजीयन कराया है उनसे संपर्क कर या एसएमएस भेजकर स्लाट बुकिंग कराने की समझाईश दें। जिन खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा मे गेहूं का उपार्जन हो गया है वहां से गेहूं का परिवहन सुनिश्चित कराएं जिससे किसानों को एक सप्ताह के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। जिला आपूर्ति अधिकारी मीनाक्षी इंगले ने बताया कि अभी तक जिले में 71 हजार क्विटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। खरीदे गये गेहूं में से 80 प्रतिशत गेहूं का परिवहन भी कर लिया गया है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम पाली टी आर नाग, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर, अंबिकेश प्रताप सिंह, सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## युवाओं ने अब तक रोपे दो हज़ार पौधें



### कलेक्टर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को पौधें भेंट कर किया लक्ष्य पूरा

**उमरिया।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य उमरिया जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा 2024 के जनवरी के प्रथम दिन में कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में पौधारोपण कर पाँच हजार पौधारोपण करने का लक्ष्य लिया गया था। इसी क्रम में युवाओं की टोली ने अब तक दो हजार पौधों रोपण किया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया को युवाओं ने दो हजार पौधे सफल व सुरक्षित स्थान में पौधारोपण होने पर नीम के पौधें भेंट किए। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा की युवा टीम उमरिया के सदस्यों का पर्यावरण संरक्षण पर यह सराहनीय प्रयास है। प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़-पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। फल- -फूलों की प्राप्ति भी हमें पेड़-पौधों से ही होती है।प्रकृति मानव को मुफ्त में आक्सीजन समेत अनेक उपहार देती है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया ने कहा कि मानव भाग-दौड़ की आपाधापी में पेड़-पौधों की महत्ता को ऐसे भूला देता जैसे उसके जीवन में पेड़-पौधों का कोई महत्व ही नहीं है। मानव का यह नैतिक धर्म होना चाहिए कि पर्यावरण को संतुलित बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधों का रोपण करना होगा। पौधे हमें न सिर्फ आक्सीजन देते बल्कि फूल, फल, औषधि व इमारती लकडियां भी देते हैं। पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी ने कहा कि पौधों को खुद रोपने के लिए तत्पर हों और आसपास के लोगों को भी इस नेक कार्य के लिए प्रेरित करें। जब तक जन-जन में जागरुकता नहीं आएगी हम सभी अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाएंगे। उठिए, तत्पर रहिए और पौधरोपण के नेक कार्य के लिए कदम बढ़ाइए। आप पौधा लगाइए हम आपका संदेश समाज तक पहुंचाएंगे।इस दौरान पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी,पर्यावरण मित्र खुशी सेन,श्रीराम तिवारी व सभी उपस्थित रहे।



### एफपीओ की समीक्षा बैठक संपन्न

**कोतमा।** हार्ड संस्था अंतर्गत जिवोदया मिल्क फार्मर प्रोडयूसर कम्पनी लिमिटेड एफपीओ की समीक्षा बैठक 14 मई को डी.डी.एम. नाबार्ड क्षितिज श्रीवास्तव एवं रवीन्द्र जोल्हे के साथ आयोजित की गई। बैठक मे एफपीओ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित हुये। बैठक में सुशील शर्मा के द्वारा श्री जोल्हे के मुम्बई ट्रांसफर होने पर कहा कि यह विदाई का क्षण है किन्तु उनके द्वारा जो मार्गदर्शन एवं कार्य प्रारंभ किये गये हैं वह नये डीडीएम के साथ मिलकर किये जायेंगे तथा संस्था में क्षितिज श्रीवास्तव का स्वागत किया गया। एफपीओ से जुड़े किसानों ने अपने अनुभव एवं कार्य बैठक में साझा करते हुये कहाकि किसानों के शाम का दूध खराब न हो इसकी व्यवस्था करना, हरे चारे की मात्रा पशुओं के आहार में बढ़ाना उत्साही किसानों को जोड़ना गुणवत्तापूर्ण पशु आहार की व्यवस्था करना, साथ ही पशु नस्ल सुधार कार्यक्रम से किसानों को जोड़ना, इस तरह के कार्य का आगामी समय के लिये नियोजन किया गया । बैठक में नाबार्ड के अधिकारियों का मार्गदर्शन किसानों को प्राप्त हुआ।

## सी.बी.एस.ई. द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं का बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित

**उमरिया।** सी.बी.एस.ई. द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं का बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें उमरिया स्थित सेन्ट्रल एकेडमी इंग्लिस मीडियम स्कूल के कक्षा 12 वीं के वाणिज्य संकाय की छात्रा प्राची अग्रवाल 92 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान पर रही वहीं द्वितीय स्थान पर विज्ञान संकाय के शिखर चतुर्वेदी एवं वाणिज्य संकाय की वैष्णवी खण्डेलवाल 90 प्रतिशत अंको के साथ रहे। कक्षा 10वीं में 95 प्रतिशत अंको के साथ अभिषेक पाण्डेय ने विद्यालय की प्रवीण्य सूची में प्रथम स्थान अर्जित किया वहीं द्वितीय स्थान पर 92.4 प्रतिशत अंको के साथ अनुज सोनी रहे एवं 92.2 प्रतिशत अंको के साथ प्रखर शर्मा ने विद्यालय की प्रवीण्य सूची में तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय प्रबंधन ने इस अवसर पर सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि इस परीक्षा परिणाम का श्रेय विद्यालय के संस्थापक स्वामी श्री गरूड़ महाराज जी को जाता है, जिन्होंने शहर को एक उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान का उपहार दिया है एवं उनका सतत मार्गदर्शन व आर्शीवाद रहा है कि विद्यालय आज शहर के साथ प्रदेश स्तर पर भी अपनी एक नई पहचान बना रहा है। छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए प्रबंधन ने आशा व्यक्त की कि निश्चित रूप से मारे ये छात्र आगे भी सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर अपने माता-पिता एवं विद्यालय के साथ शहर का भी नाम रोशन करेंगे।



## सीबीएसई की परीक्षा में बाल भारती स्कूल जैतहरी ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जैतहरी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) दिल्ली द्वारा घोषित कक्षा दसवीं एवं बारहवीं सत्र 2023-24 के परीक्षा परिणामों में बाल भारती पब्लिक स्कूल, एमबी पॉवर (मध्य प्रदेश) लिमिटेड, जैतहरी जिला-अनूपपुर के विज्ञान और वाणिज्य दोनों ही संकाय के छात्रों का उल्लेखनीय प्रदर्शन रहा है। जहां विज्ञान संकाय में, माधवी ध्यानी ने 94 प्रतिशत उत्कृष्ट अंकों के साथ अग्रणी स्थान हासिल किया, चंद्रप्रभा प्रजापति 89 प्रतिशत अंको के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, वहीं स्नेहा सिंह ने 88.40 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहकर विद्यालय को गौरान्वित किया है। इसी प्रकार वाणिज्य संकाय में, सौम्या अग्रवाल ने 85.40 प्रतिशत के प्रभावशाली अंको के साथ अग्रणी स्थान हासिल किया, विपिन प्रताप सिंह राठौर 81.60 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वहीं महक राठौर ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए 77.40 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। ज्ञात हो कि बोर्ड परीक्षा में बैठने वाले छात्रों में से कंपनी प्रभावित परिवारों के छात्र-छात्राओं की संख्या अधिक है जिन्हें कंपनी के द्वारा शिक्षा, गणवेश, पुस्तकें, मध्यान्ह भोजन आदि निःशुल्क रूप से उपलब्ध कराया जाता है। कंपनी प्रबंधन की ओर से प्लांट प्रमुख बसन्ता कुमार मिश्रा एवं मानव संशाधन व प्रशासन विभाग के प्रमुख आरके खटाना ने उत्कृष्ट एवं होनहार विद्यार्थियों को उनके स्वर्णिम भविष्य के लिये शुभकामनायें दीं। बाल भारती स्कूल की प्राचार्या उन्नति जोशी ने छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया और उनकी सफलता का श्रेय छात्र-छात्राओं एवं उनके माता-पिता, कंपनी प्रबंधन, स्कूल प्रबंधन को दिया एवं शैक्षणिक प्रतिभा के पोषण और उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने में स्कूल और समुदाय के बीच सहयोगात्मक प्रयासों पर जोर देते हुए बधाई दी।




## केंद्रीय विद्यालय ने 10वीं, 12वीं परीक्षा में प्राप्त किया उल्लेखनीय परिणाम

**जमुना/बदरा।** केंद्रीय विद्यालय जमुना कॉलरी को गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में अभूतपूर्व उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। स्कूल ने उल्लेखनीय 100% उत्तीर्ण दर हासिल की है, जिसमें दोनों कक्षाओं के सभी छात्रों ने असाधारण अंक प्राप्त किए हैं। कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय मे मास्टर सुयश सिंह चौहान 76.8% के साथ प्रथम स्थान, कुमारी हरीतिमा लाल और राशि द्विवेदी 73.20% के साथ द्वितीय स्थान एवं सानिया पासवान 73% के साथ तृतीय स्थान पर रहे। ज्ञातव्य हो कुमारी हरीतिमा लाल इसी सत्र मे कला उत्सव कार्यक्रम की राष्ट्रीय विजेता भी रही है, जिन्होंने यसईसीयल स्तर पर केंद्रीय विद्यालय संगठन का प्रतिनिधित्व कर केंद्रीय विद्यालय जमुना कॉलरी का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया था। कक्षा 10वीं मे कुमारी अनुष्का झा 92% के साथ प्रथम स्थान, मास्टर पुष्पराज सिंह 90.6% के साथ द्वितीय स्थान और मास्टर संभव सिंह चौहान 90.4% अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहे। बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों, अपने माता पिता और परीक्षा के दौरान तनाव मुक्ति पर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा को दिया है। विद्यालय प्राचार्य मनोज कुमार ने छात्रों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत और समर्पण पर बहुत गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ये असाधारण परिणाम उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। हमें अपने छात्रों और शिक्षकों के अथक प्रयासों पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है। उन्होंने हमारे छात्रों को उनकी शैक्षणिक यात्रा के अगले अध्याय के लिए अच्छी तरह से तैयार किया है। ये उत्कृष्ट परिणाम केंद्रीय विद्यालय रएउछ जमुना कॉलरी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और छात्रों को उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाने वाले शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देने के लिए स्कूल के समर्पण को उजागर करता है। पूरा स्कूल परिवार इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को हार्दिक बधाई देता है। उनकी अटूट प्रतिबद्धता और सहयोगी भावना ने निःसंदेह इस सफलता में योगदान दिया है।



खबर संक्षेप

## मेघावी राशि गुप्ता कक्षा 12 वी 93% अंक प्राप्त कर नगर का नाम रोशन किया

**धनपुरी।** ग्रीन बेल्स पब्लिक स्कूल बुढार कक्षा 12 वी की धनपुरी छात्रा कुमारी राशि गुप्ता पिता राजेश गुप्ता ने सीबीएससी परीक्षा परिणाम में 93% अंक अर्जित कर धनपुरी एवं बुढार का नाम रोशन किया। मेघावी छात्रा 93 प्रतिशत प्राप्त करने पर। नगर के वरिष्ठ नागरिकों ने बधाई दी बधाई देने वालों में मैथिलीशरण गुप्त हनुमान खंडेलवाल मोहम्मद आजाद राजू अग्रवाल लक्ष्मण सोनी मोहम्मद सफीक राजकुमार गुप्ता सत्यनारायण गुप्ता पुरुषोत्तम गुप्ता सुभाष गुप्ता हेमंत सोनी विनय सिंहा आदि लोगों ने बधाई दी।

## विजहा में अवैध शराब की पैकारी गली गली

**शहडोल।** जिला के थाना जयसिंहनगर अन्तर्गत शासकीय शराब दुकान ठेकेदारों के द्वारा गांव गांव अवैध शराब की पैकारी करा रहा और आबकारी विभाग बना मुकदर्शक। जयसिंह नगर के हर गाँव शराब की खेप पहुँचाई जा रहा है जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के अन्दर 500 दुकाने चल रही हैं, अवैध नशे का कारोबार गाँव गाँव घर घर पहुँचाया जा रहा है जिससे पूरी युवा नस्ल नशा के चपेट में शमा रही है। हर दिनों शराब कारोबारियों के द्वारा बोलेरो में शराब भरकर सुबह सुबह गाँव गाँव पहुंचा जाते हैं हर दिन गाँवो मे शराबी सड़क पर गाली देते रहते हैं एवं नशा करने के लिए आएदिन चोरी एवं मार पीट की घटनाओं का होना जायज है आबकारी विभाग उदासीन है क्योंकि उनका ठेकेदार के साथ सांठ गांठ होना तय है थाना जयसिंहनगर द्वारा भी कोई एक्शन नहीं लिया जाता है और ठेकेदार द्वारा यूपी बिहार के नामी गुंडा बदमाशों को कर्मचारियों की जगह रखा गया है जो कि गांवों में दहशत का माहौल रहता है क्योंकि पैकारी करने वाले अपना जाल गाँव गाँव फैला है प्रशाशन को इस जाल को तोडना होगा नही तो पूरा यूवा पीढ़ी बर्बाद कर सकते हैं गाँव के हर चौराहे पर शराबियो द्वारा किसी के जेब से पैसा निकाल लेते हैं गाली गलौज देते रहते हैं जिस पे पुलिस एवं आबकारी विभाग द्वारा अकुंश लगाना न्यायोचित एवं अनिवार्य है।

## संगीत गुप्ता का आकस्मिक निधन



**ब्योहारी।** प्रतिष्ठित व्यापारी श्री रामखेलावन गुप्ता जी के छोटे पुत्र सुजीत कुमार गुप्ता कि धर्मपत्नी श्री मती संगीता गुप्ता वार्ड 14 झण्डा बाजार निवासी का आकस्मिक निधन हो गया। नगर में जब ये खबर लोगों तक पहुंचा ब्यापारी संघ व समस्त समाज के एवं राजनीतिक लोग सुजीत कुमार गुप्ता के निवास में लोगों की भीड़ उमड पडी। मंगलवार को सुबह चौधरी तालाब के मुक्ति धाम में अंत्येष्टि की गई।

## जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम का प्रभार श्रीमती वर्मा को

**रीवा।** रीवा जिले में वर्तमान में जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम का पद रिक्त है। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी को जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अपर कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी के अवकाश में जाने के कारण जिला विपणन अधिकारी श्रीमती शिखा सिंह वर्मा को जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम का प्रभार दिया है। प्रशासकीय कार्य की सुविधा की दृष्टि से यह व्यवस्था की गई है।

## न्यायालयीन प्रकरणों में जवाब-दावा तत्काल दायर करें - कलेक्टर

**रीवा।** 14 मई 2024. विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरण उच्च न्यायालय में लंबित हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी कार्यालय प्रमुखों को न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में जवाब-दावा तत्काल दायर करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि शासकीय अधिवक्ता से संपर्क करके लंबित प्रकरण के संबंध में विधि के अनुकूल उचित अभिलेखों सहित जवाब-दावा तैयार कराएं। इसकी एक प्रति कलेक्टर कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपस्थित करें।

# चोरी के कोयले से ईंटें हो रहीं लाल

## दिन-रात कोयले की चोरी बदस्तूर जारी, नामी-गिरामी भी शामिल

### कॉलरी सुरक्षा दस्ता शून्य, अमला भी खानापूर्ति में मशगूल

एसईसीएल प्रबंधन द्वारा कोयले के दुरुपयोग एवं चोरी पर पाबंदी के आदेश को कॉलरी के सुरक्षा कर्मचारी ही धता बता रहे हैं। बंद हो चुकी पुरानी खुली एवं भूमिगत खदानों से कोयला चोरी का धंधा जोरों परचल रहा है और उसका एक बड़ा हिस्सा अवेध रूप से बन रही ईंटों को पकाने में किया जा रहा है।

धनपुरी।





जिसकी जानकारी एसईसीएल के सुरक्षा अमले के साथ ही राजस्व एवं पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के लोगों को भी है लेकिन कारगर कार्यवाही के अभाव में कोयले के अवैध कारोबारियों और ईंट भट्टा संचालकों के हौंसले बुलंद हैं।जिले के कोयलांचल क्षेत्रांतर्गत पुरानी अमराडंडी के पीछे, धनपुरी कब्रिस्तान के पीछे, गाड़ाघाट, जंगल दफाई, बुढार, खैरहा,सिलपरी,मालीघाट नाला दोनो ओर,मुंडा दफाई वार्ड नम्वर 12, आदि कई क्षेत्रों में इस समय चोरी के कोयले से बहुत बड़े पैमाने पर ईंट बनाने का व्यापार जोरों पर फल-फूल रहा है। थाना क्षेत्र अमलाई, धनपुरी, बुढार , खैरहा क्षेत्रों में सबसे ज्यादा ईट बनाने का व्यवसाय चल रहा है । धनपुरी और अमलाई ओसीएम, दामिनी, खैरहा माइंस आदि कई जगहों में खुली या बंद खदानों से काकोयला निकालकर भारी मात्रा में जगह-जगह ईट भट्टे लगाये गये हैं, कोयला माफियाओं द्वारा कोयला दिया जा रहा है और प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है।बाहर के मजदूरों से ले रहे काम जिससे असमय मजदूर काल के गाल में समा जाते हैं, कुछ समय पहले ही धनपुरी दूरभाष केंद्र समीप मालीघट अबैध रुप मिट्टी हटाकर मसानान्तर माइंस धसक जाने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी, जिस के परिजन आज तक दर-दर की ठोकर खाते भटक रहे हैं, क्षेत्र के सभी थानों में बाहर से लाए गए मजदूरों की बाकायदा नाम और पता नोट होने चाहिए, जिससे भविष्य में कोई भी घटना घटती है या कोई बड़ी परेशानी होती है तो उनकी मदद की जा सके, लेकिन यहां ऐसा कुछ भी नहीं है।ईंट के धंधे में बने हैं व्यापारीशासन-प्रशासन द्वारा कुम्हार, प्रजापति जातियों के लोगों को ईट बनाने के लिए आदेश पारित कर राहत प्रदान की गई थी, जिससे कुम्हार जाति के लोग घड़ा, ईट या दिये बनाने के साथ ही कुछ अंश तक मिट्टी की खुदाई कर अपन उपयोग के लिए ईंटों का निर्माण कर सकते हैं, लेकिन इन दिनों चोरी के कोयले से ईट बनाने का व्यापार सामान्य जाति या अन्य जाति के लोग कर रहे हैं, जिससे अवैध मिट्टी की खुदाई के साथ-साथ कोयले की चोरी भारी मात्रा में हो रही है। इनके द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके जेसीबी लगाकर मिट्टी की खुदाई की जाती है जिससे इनके द्वारा सैकड़ों फीट गहरी मिट्टी की चोरी करते हुए वन विभाग के साथ-साथ गौण खनिज अधिनियम को भी तार-तार करते हैं। रेत भी चोरी कीवन विभाग की जमीन के साथ ही निजी भूमि पर बिना परमिशन के ईट बनाने वाले लोग खनिज विभाग के नियमों की धज्जियां तो उड़ा ही रहे हैं। वन भूमि के नालों से रेत की चोरी करके ईट निर्माण में उपयोग किया जा रहा है, खनिज विभाग अगर जांच करें तो, सैकड़ों टन कोयला इन ईंट भट्टो में मिल सकता है। इसके अलावा रेत के ढेर भी ईंट भट्टो में देखे जा सकते हैं। बिना नाम-पता के सैकड़ों की संख्या में बाहरी मजदूर ईंट भट्टो में मिल सकते हैं, श्रम विभाग द्वारा ठेकेदारों पर कार्यवाही न करने के कारण ईंट भट्टा संचालकों के हौसले बुलंद है।सो रहा माईनिंग, पीसीबी अमला सोहागपुर कोयलांचल क्षेत्र ही नहीं पूरे शहडोल जिले में अवैध ईंट भट्टो का जाल फैला हुआ है। अपवादों को छोड़ दें तो किसी भी ईंट निर्माता ने न तो खनिज विभाग से निर्माण की अनुमति ली है और न ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त किया है, बावजूद इसके संबंधित विभाग के किसी भी अधिकारी कर्मचारी को बरसाती कुकुरमुत्तों की तरह उग आए इन अवैध ईट भट्टो को देखने जांच या कार्यवाही करने की फुर्सत नहीं है जो इस आशंका को आधार देता है कि विभागीय अधिकारी-कर्मचार भी फीलगुड का अहसास कर रहे हैं1

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में ग्रीन बेल्स के छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट रहा परीक्षा परिणाम

बुढार।

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के परिणाम सोमवार को घोषित हुए जिसमें कक्षा 10वी एवं 12 वी परीक्षा परिणाम मे नगर के ग्रीन बेल्स पब्लिक स्कूल बुढार के छात्रों का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय मे कक्षा 12 वी का परीक्षा परिणाम 96.20 प्रतिशत रहा एवं कक्षा 10 वी का परीक्षा परिणाम 94.11प्रतिशत रहा। विद्यार्थियो द्वारा की गई कड़ी मेहनत एवं शिक्षकों की निष्ठा एवं लगन से छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट परिणाम अर्जित किये है।

### मेधावी छात्रों ने मारी बाजी

कक्षा 12 वी के विठ्ठल सिंघानिया 96.4 प्रतिशत, राषि गुप्ता 93 प्रतिशत, सोनल अग्रवाल 90.2 प्रतिशत, हिमानी मिश्रा 89.6 प्रतिशत, हिमांशू बर्मन 88.8 प्रतिशत, कृष्ण कुमार तिवारी 88 प्रतिशत, अरशिया परवीन 87.8 प्रतिशत, अकील खान 86 प्रतिशत, वही कक्षा 10वी मे भूमि पारवानी 92 प्रतिशत, प्रभाकर मिश्रा 90.8 प्रतिशत, कशीक मंगलानी 89.6 प्रतिशत, मो.अशद सैफी 89 प्रतिशत, श्रुती पटेल 88 प्रतिशत, आकृति गुप्ता 88 प्रतिशत, पूजा राजवाड़े 87.2 प्रतिशत, सक्षम त्रिपाठी 86.2 प्रतिशत, अंक अर्जित कर अपने माता पिता, शिक्षकों तथा विद्यालय का नाम रोशन किया विद्यालय परिवार सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी विद्यार्थी ऐसे ही लगन के साथ शिक्षा ग्रहण कर अच्छे अंक प्राप्त करे ऐसी अपेक्षा की है।



## नगर निगम क्षेत्रांतर्गत बढ़ रहे अतिक्रमण पर अधिकारियों की कार्यवाही निरंतर जारी

**रीवा।** निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्रांतर्गत बढ़ रहे अतिक्रमण पर अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 14.05.2024 को विश्वविद्यालय रोड़, जनता कॉलेज चौराहा के आगे वार्ड के रहवासी अजय गुप्ता द्वारा रोड़ पटरी पर गिट्टी बालू गिराया गया था, जिसके कारण आवागमन अवरूद्ध हो रहा था। जिसकी शिकायत मिलने पर तत्काल अतिक्रमण प्रभारी श्री ज्ञानेन्द्र द्विवेदी द्वारा कार्यवाही करते हुये रोड़ पटरी से गिट्टी बालू हटवाया गया एवं सम्बंधित पर रू. 2000 की चालानी कार्यवाही करते हुये समझाइस दी गई कि दुबारा पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी। साथ ही नगर निगम क्षेत्रांतर्गत एसएफ चौराहा से पीटीएस चौराहा तक सड़क पटरी में किये गये अस्थाई अतिक्रमण को हटाये जाने की कार्यवाही अतिक्रमण प्रभारी द्वारा की गई।

## फाइनल ईयर छात्रों का विदाई समारोह

### हर समस्या के लिए हमेशा साथ खड़ा रहूंगा - सरस्वती पांडे

**ब्यौहारी।** पंडित रामकिशोर शास्त्री कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय व्यवहारी में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कोर्स के मास्टर ऑफ सोशल वर्क के फाइनल ईयर छात्रों का विदाई समारोह रविवार को संपन्न हो गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज सेवा का एक व्यापक क्षेत्र है और एमएसडब्ल्यू करने के बाद आपको हर जगह सम्मान की दृष्टि से देखा जाएगा यह आपकी विदाई नहीं बल्की अगुआई हो रही है आपकी विदाई हो गई है और अब परीक्षा आपके सामने मैं आपको शुभकामनाएं देता हूं आप परीक्षा में अच्छे अंक अर्जित करें इस कोर्स को करने के बाद आपके लिए नए रास्ते खुलेंगे। कार्यक्रम को परमार्श दाता सरस्वती पांडे विद्या ने संबोधित करते हुए कहा कि आप यहां से विदा हो रहे हैं लेकिन हमेशा हमारे दिल में रहेंगे और समाज सेवा के क्षेत्र में जहां भी हमारे सहयोग की जरूरत होगी उसे हम पूरा करेंगे आगे भी हम इसी तरह से मिलते रहेंगे एमएसडब्ल्यू प्रथम वर्ष के छात्रों ने अपने अनुभव व्यक्त किया और अपनी गलतियों के लिए अपने पर मार्चदाताओं से क्षमा भी मांगा कार्यक्रम को मेंटर रामेश्वर पाल ,हीरालाल साहू अर्पिता सिंह वैश्य और ज्योति पांडे ने भी संबोधित किया कार्यक्रम की योजना और रोशनी चतुर्वेदी ,मुकुल द्विवेदी, अनिल वर्मा,शान्वी सिंह, अजीत पटेल,अतुल कांत,प्रकाश पाण्डेय द्वारा बहुत ही बेहतरीन ढंग से बनाई गई थी कार्यक्रम में केक काटा गया और सभी छात्रों को एक-एक टास्क दिया गया जिसके तहत मिमिक्री एवं नल का कार्य विदा हो रहे छात्रों को करना पड़ा सभी ने खूब तालियां बजाई कार्यक्रम में सूर्यपाल सिंह विजय भुर्तिया , और एजुकेट गर्ल के समन्वयक ने भी अपने अनुभव साझा किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सौरभ पांडे, राहुल जायसवाल, शिल्पी मिश्रा ,लक्ष्मी पांडे अंकिता तिवारी, प्रियंवदा द्विवेदी ,ज्योति द्विवेदी मीनाक्षी गुप्ता सहित सभी छात्र-छात्राओं ने विदाई समारोह मे भाग लिया ।

# अग्रवाल नवयुवक मंडल रीवा के अध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न

### अजय अग्रवाल निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए

रीवा

14 मई 2024 अग्रवाल नवयुवक मंडल के तत्वाधान में अध्यक्ष पद हेतु द्विवार्षिक चुनाव अग्रवाल समाज भवन में दिनाँक 13/5/24 को दिन सोमवार को शाम 6 बजे से आरंभ हुए।जिसमें मुख्य निर्वाचन अधिकारी सेवानिवृत्त जज डॉ. विजय अग्रवाल और सह-निर्वाचन अधिकारी इंजी. विष्णु अग्रवाल रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता एड.सुनील अग्रवाल ने की।विशेष आमंत्रित सदस्य में अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष क्रमशः श्री अशोक अग्रवाल, गणेश प्रसाद अग्रवाल, जवाहर लाल अग्रवाल तथा नवयुवक मंडल के पूर्व अध्यक्ष क्रमशः जयकांत अग्रवाल, एड. हरीश अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल एवं वरिष्ठ समाजसेवी आर.के. रूंगटा मंचासीन रहे।
कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा कुलदेवी माता महालक्ष्मी एवं श्री श्री 1008 अग्रसेन जी की प्रतिमा में माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन, आरती, पूजन के साथ हुई। मंचासीन अतिथियों का स्वागत नवयुवक मंडल के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल सनी द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया।तत्पश्चात निर्वाचन अधिकारियों द्वारा निर्धारित चुनाव प्रक्रिया का संचालन प्रारंभ किया गया और अध्यक्ष पद हेतु अभ्यर्थियों के नाम लिए गए।जिसमें केवल एक अभ्यर्थी अजय अग्रवाल पिता शंकर प्रसाद अग्रवाल ने अपना नामांकन-पत्र दाखिल किया।और निर्वाचन अधिकारियों ने अजय अग्रवाल को निर्विरोध मंडल के द्विवार्षिक अध्यक्ष के रूप में घोषित किया।इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं अग्रवाल समाज के अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से अपने उद्बोधन में कहा गया कि किसी भी समाज की स्वस्थ परंपरा के लिए यह जरूरी की वहाँ प्रतिद्वन्द्विता न हो सब मिलजुलकर कार्य करें और समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करें।तब ही समाज के साथ-साथ राज्य का भी विकास होता है। कार्यक्रम में मंच का सफ़ल रूप से संचालन एड.मनोज अग्रवाल ने किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से अग्रवाल समाज के उपाध्यक्ष अरुण अग्रवाल, मंत्री एड.नूतन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कैलाशचंद्र अग्रवाल, एड.संतोष अग्रवाल, रूपेश अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल, संतोष कुमार अग्रवाल, सागर अग्रवाल, सुरेश कुमार अग्रवाल पप्पू, महेश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, नम्रता अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, बसंत अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल 'रामू',कान्हा अग्रवाल,मुकेश अग्रवाल,गौरव अग्रवाल,मोहित अग्रवाल,आकाश अग्रवाल,सुमित अग्रवाल सोमू, अर्पित अग्रवाल, उदित अग्रवाल आदि अग्रबन्धुओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाईयाँ दी और नए अध्यक्ष के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नगर परिषद के द्वारा बैगान टोला में लगाया गया सबमर्सिबल पंप

अमलाई।

नगर परिषद बरगवां अमलाई अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 के बैगान टोला के लोग पिछले कई वर्षो से पेयजल की समस्या से जूझ रहे थे और उनके द्वारा लगातार कई वर्षो से कुओं के पानी पर ही आश्रित रहना पड़ता था, लेकिन अब उनके वार्ड में बोरिंग एवं समर्शियल पंप की स्थापना हो जाने से उन्हें अब पेयजल की समस्या से निजात मिल गया है। बैगान टोला में बैगा परिवारों के लोग निवास करते हैं। इस गांव के लोग आज भी अनेको समस्याओं से जूझ रहे हैं। इस गांव की सबसे महत्वपूर्ण समस्या पेयजल की थी, जिससे निजात दिलाने के लिए नगर परिषद के द्वारा पंप की स्थापना एवं पाइपलाइन की व्यवस्था गई है। पूर्व में पीएचई विभाग के द्वारा इस गांव में एक हैंडपंप की स्थापना की गई थी, लेकिन सभी को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा था और अब सबमर्सिबल मोटर और पाइपलाइन की व्यवस्था हो जाने के कारण घर-घर शुद्ध पेयजल मिल सकेगा। वार्ड की पार्षद श्रीमती हरछठीया बैगा एवं निवासरत बैगा परिवार एवं वार्ड वासियों ने नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता को धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।

# गेहूं उपार्जन की राजस्व अधिकारी कर रहे हैं सतत निगरानी

जिले भर में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में सहकारी समितियों द्वारा पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहू का उपार्जन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा उपार्जन की निगरानी के लिए जिला स्तरीय अधिकारी तथा राजस्व अधिकारी तैनात किए गए है।

रीवा !





राजस्व अधिकारियों द्वारा लगातार खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करके उपार्जन की सतत निगरानी की जा रही है। एसडीएम गुढ़ अनुराग तिवारी ने भैरवबाबा खरीदी केन्द्र गुढ़ का निरीक्षण किया। उन्होंने उपार्जित गेंहू का तत्काल परिवहन कराने के निर्देश दिए। तहसीलदार मनगवां राजीव शुक्ला ने सेवा सहकारी समिति मनगवां अन्तर्गत विपांक्षी वेयरहाउस का निरीक्षण किया। नायब तहसीलदार विन्ध्या त्रिपाठी ने खैरा खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से उपार्जन के संबंध में जानकारी ली तथा समय पर गेहू की तौल कराने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि उपार्जन की अंतिम तिथि 20 मई निर्धारित की गई है।

### अब तक समर्थन मूल्य पर हुई 792209 क्विंटल गेंहू की खरीद

जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल से सहकारी समितियों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही है। जिले में 14 मई तक 16551 किसानों से 792209 क्विंटल गेंहू की खरीद अब तक की गयी है। इसके लिए किसानों को 190 करोड़ 13 लाख 3 हजार की राशि मंजूर की गयी है। इस संबंध में प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि उपार्जित गेंहू का सुरक्षित भण्डारण कराया जा रहा है। अब तक खरीदे गये गेंहू में से 672376 क्विंटल गेंहू का परिवहन किया जा चुका है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 101 करोड़ 23 लाख 89 हजार 300 रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। गेंहू खरीदी के लिए अब तक 22690 किसानों ने स्लॉट बुक किये हैं। गेंहू खरीद की अंतिम तिथि 20 मई है।

### कृषि उत्पादन आयुक्त 16 मई को करेंगे खरीफ फसल तैयारी की समीक्षा

खरीफ फसल तैयारी की संभागीय समीक्षा बैठक 16 मई को कलेक्ट्रेट सभागार रीवा में आयोजित की जा रही है। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त खरीफ फसल तैयारी की जिलेवार समीक्षा करेंगे। बैठक में रबी फसल कार्यक्रम की प्रगति, कृषि की प्रगति के लिए कार्ययोजना निर्माण तथा कृषि विविधीकरण के प्रयासों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक कृषि विभाग तथा सहकारिता विभाग की योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। बैठक में भोजन अवकाश के बाद शाम 6 बजे तक उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन, डेयरी विकास, मछली पालन विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों की समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय में बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### तीन बच्चों की मां हुई लापता

**कोतमा।** थाना अंतर्गत सुईडांड निवासी 39 वर्षीय संतलाल पनिका ने 14 मई को थाने में शिकायत दर्ज करवाएं की वह काम के सिलसिले में हैदराबाद में रहता है। 14 अप्रैल को वह अपने घर आया था तो बच्चों ने बताया कि मां अपनी मां के यहां पैरीचुआ गांव गई है। तब वह भी 14 अप्रैल को अपनी ससुराल आ गया और उसके बाद कोतमा बाजार सामान लेने चला गया रात्रि 8 बजे जब वापस ससुराल पहुंचा तो उसकी पत्नी घर में नहीं नजर आई तो उसने साली से पूछा कि तुम्हारी बहन सुशीला कहां गई काफी खोजने के बाद जब उसका पता नहीं चला। तब उसने 14 मई को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाया कि उसकी पत्नी सुशीला पनिका पिछले 14 अप्रैल से घर से बिना बताए कहीं चली गई है उसने पुलिस को बताया कि उसके एक लड़का दो लड़की है। शिकायत पर पुलिस ने गुम इंसान का मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया।

### 76 हज यात्रियों का किया गया टीकाकरण

**अनूपपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर ए.के. अवधिया ने बताया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर एम. एस. श्याम के मार्गदर्शन में सोमवार 13 मई 2024 को 76 हज यात्रियों का टीकाकरण सफलतापूर्वक किया गया।

### रेलवे ओव्हर ब्रिज निर्माण मे घरेलू गैस सिलेण्डर का कर रहे प्रयोग



**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय के बीचोबीच निर्माणाधीन रेलवे ओव्हर ब्रिज मे ठेकेदार द्वारा घरेलू गैस सिलेण्डर का प्रयोग किया जा रहा है जिसकी मदद से निर्माण कार्यो मे उपयोग किये जा रहे छणों व अन्य सामग्रियों मे उपयोग कर नियमों का धता बताया जा रहा है। जबकि घरेलू गैस सिलेण्डर का उपयोग इस तरह के कार्यो के लिए नही किया जा सकता परंतु ठेकेदार द्वारा मनमर्जीपूर्वक शासन के नियमों व लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करते हुये बेरोकटोक घरेलू गैस सिलेण्डर का उपयोग कर जीवन खतरे मे डाल रहा है जबकि इस संबंध मे ठेकेदार व उनके मातहतों को समझाइश भी दी जा चुकी है कि इस तरह सार्वजनिक जगहों पर घरेलू गैस सिलेण्डर का उपयोग कितना खतरनाक हो सकता है इसलिए प्रयोग बंद करें परंतु ठेकेदार मानने को तैयार नही।

### नाबालिग की मानव हत्या मामले में वाटर पार्क मालिक की जमानत निरस्त

**अनूपपुर।** जिला लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय न्यायालय पंकज जायसवाल, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश अनूपपुर के न्यायालय ने आरोपी रहीस खान की बेल आवेदन क्र. 97/2024 को निरस्त करते हुए उसे जेल भेज दिया। पुलिस प्रतिवेदन एवं प्रथम सूचना रिपोर्ट के अनुसार अभियुक्त रहीस खान सर रिसॉर्ट एण्ड फन सिटी अमरकंटक रोड जमुडी सिथत वाटर पार्क का मालिक है। ज्ञात हो कि 11 मई को सर रिसॉर्ट एण्ड फन सिटी अमरकंटक रोड जमुडी स्थित वाटर पार्क में मृतक शुभम प्रजापति आयु 17 वर्ष की डूबने से मृत्यु हो गई थी। उक्त वाटर पार्क के अंदर प्रवेश हेतु प्रत्येक व्यक्ति से 150 रु टिकट ली जा रही थी। वाटर पार्क में करीब 150 से 200 महिला पुरूष नहा रहे थे। जहां पर पानी में डूबने से बचाने के लिये कोई तैराक नहीं था और न ही सेफ्टी हेतु लाईफ सेविंग जैकिट, स्वीमिंग ट्यूब दी गई थी। पानी करीब 8 फिट गहरा था और डूबने की संभावना थी। सावधानी वाला बोर्ड एवं संकेत नहीं लगाया गया था और गहरे होने के स्थान पर कोई डोरी या रस्सी नहीं बांधी गई थी। मौके पर मेडिकल सुविधा जैसे ऑक्सीनजन मॉस्क,सिलेंडर नहीं था। प्रकरण की पैरवी शासन की ओर से जिला लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा ने की। न्यायालय ने कहा कि आरोपी को ज्ञान था कि वाटर पार्क की गहराई ज्यादा है और उसमें ज्यादा पानी होने से किसी व्यक्ति की मृत्यु हो सकती है।

---

राजस्व विभाग की लापरवाही का दंश झेल रहे ग्रामीण

# फर्जी दस्तावेज के सहारे रास्ता व श्मशान घाट की भूमि पर कब्जा

### आश्वासन तक सीमित विभागीय कार्यवाही, ग्रामीण परेशान

ग्राम पंचायत दुलहरा के नदिया टोला में किसानों की परेशानी दिनो दिन बढती जा रही है, राजस्व विभाग की लचर व्यवस्था के कारण अतिक्रमणकारी द्वारा रास्ते में अतिक्रमण कर रास्ता पूरी तरह बाधित कर दिया है। राजस्व अमला बार-बार मौका स्थल पर पहुंचती है और केवल मुआयना व पंचनामा तैयार कर वापस लौट आती है, जिसके कारण समस्या जस की तस बनी हुई है।





**अनूपपुर।** ग्राम पंचायत दुलहरा के नदिया टोला में रहने वाले बुनकर परिवार व अन्य किसान अपने खेतो व घरो तक पहुंचने के लिए परेशान है। मुख्य मार्ग से गुजरने वाली पगडंडी सडक पर अतिक्रमणकारी धनुषधारी पटेल व उसके परिवार के द्वारा बांस की लकडी लगा दिया गया है, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप्प हो गया है। राजस्व अमला कई बार जाकर मुआयना की, लेकिन फर्जी दस्तावेज देखकर पंचानामा बनाते हुए निराकरण के लिए आगामी समय निर्धारित कर देती है, परंतु सडक की समस्या से कोई निदान किसानों को नही मिला, जिसके चलते सैकडों किसान परेशान नजर आ रहे है।

#### रास्ते को खेत में किया तब्दील

करांटोला मुख्य मार्ग से नदिया टोला तक जाने वाली पगडंडी सडक वर्षो से संचालित थी, लेकिन अतिक्रमणकारी के द्वारा रास्ते की जुताई कर खेती किया जा रहा है। ग्रामीणों के मना करने पर धमकी व मारपीट पर उतारू हो जाता है। जिसकी शिकायत कई राजस्व व संबंधित विभाग के अधिकारियों को की गई, लेकिन जिम्मेदार लोग किसानों की समस्या सुलझाने की वजाये और उलझा देते है वहीं थाने में शिकायत पर कार्यवाही न कर एनसीआर काट दिया जाता है। जबकि उक्त रास्ता 50 वर्ष से संचालित था, और धनुषधारी का पट्टा लगभग 20 वर्ष पहले बना था, परंतु मौके में जमीन कम व फर्जी रिकार्ड में ज्यादा रकवा होने के कारण अन्य किसानों की भूमि व खाली पडे भूमि पर निशाना बना रहा है।

#### फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमा रहा रौब

वर्षो पूर्व करार्टोला मुख्य मार्ग से नदिया टोला पहुंच मार्ग से लगा हुआ लगभग 14 एकड की भूमि शासकीय थी। जिसमें किसानों को जीवन यापन के लिए कुछ भूमि आवंटित की गई थी, शेष भूमि पर शमशान घाट व खेल मैदान के लिए छोडा गया था, परंतु अतिक्रमणकारी धनुषधारी पटेल के द्वारा फर्जी तरीके से 3 एकड का पट्टा तैयार करा लिया, जिसके कारण अब रिकार्ड में कुल रकवा लगभग 17 एकड दिखने लगा। जबकि वास्तविकता में उक्त भूमि लगभग 14 एकड ही है, जिसके कारण आस-पास के किसानों की भूमि में कब्जा करते हुए शमशान घाट की भूमि तथा खेल मैदान व आम रास्ते पर कब्जा कर चुका है और अन्य किसानों की भूमि पर कब्जा करने के फिराक में है।

#### संदेहास्पद विभागीय कार्यवाही

उक्त समस्या का निराकरण न होना, बार-बार संबंधित अधिकारियों का मौके पर जाना और वहां से खाली हाथ लौट आना, मतदान का बहिष्कार कर चुके मोहल्लेवासियों को आवश्वास देना, मतदान के बाद ग्रामीणों का शिकायत करना, उस शिकायत पर भी कार्यवाही न होना पूरा प्रशासनिक अमला मौजूद होने के बाद भी समस्या का बना रहना, आश्वासन का झूठा निकल जाना और अतिक्रमणकारी का हौसला दिन ब दिन बुलंद होना, इस बात का प्रमाण है कि कहीं तो कोई बात है। इन सभी कार्यप्रणालियों के कारण राजस्व विभाग संदेह के घेरे में है। आखिर धनुषधारी का फर्जी दस्तावेज किस आधार पर तैयार किये गये और किस अधिकारी के द्वारा तैयार किये गये, 14 एकड भूमि को 17 एकड बनाने वाले के ऊपर अभी तक कार्यवाही क्यूं नही हुई और इसकी जांच करते हुए दोषी को जेल क्यों नही भेजा गया, यह भी संदेह के घेरे में है।

#### इनका कहना है

जांच टीम गठित कर दी गई है, जांच रिपोर्ट आने पर कार्यवाही की जावेगी और ग्रामीणों के आवागमन के लिए रास्ता भी मुहैया कराया जायेगा।

**जीएस शर्मा**

---

# राशन दुकानों में पहुंच रहे सड़े घुने गेहूं

### विक्रेता और हितग्राही हो रहे परेशान

**राजनगर।** शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर शासन द्वारा अति गरीबी तथा गरीबी रेखा वाले हितग्राहियों को प्रतिमाह जो अनाज वितरण किया जाता है उसमें चावल की किस्म तो ठीक रहती है परंतु गेहूं 2 से 3 साल पुराने होने से गेहूं में घुन रहते हैं। और कई बोरों में गेहूं सड़े निकलते हैं। ऐसा शासकीय उचित मूल्य की दुकान राजनगर क्रमांक 1, क्रमांक 2, फुलकोना, सेमरा, डूमर कछार तथा डोला मे कई बार खराब गेहूं आ जाने के कारण विक्रेताओं तथा हितग्राहियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिस समय गोदाम से सभी उचित मूल्य की दुकानों पर गेहूं भेजा जाता है। उसी समय गोदाम में हेरा फेरी करके घुन लगे हुए गेहूं तथा सड़े हुए गेहूं के बोरो को अन्य गेहूं के बोरों के साथ मिलाकर भेज दिया जाता है। जिस कारण अनेक शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर खराब अनाज विक्रेताओं द्वारा न बांटने के कारण कई हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न नहीं मिल पाता है। जिससे विक्रेताओं तथा हितग्राहियो को समय का नुकसान होता है। इस भीषण गर्मी में भी पूरे विक्रेता सभी हितग्राहियों को अनाज वितरण करने के लिए अपनी सेवाएं दे रहे हैं, परंतु इस स्थिति में खराब अनाज आ जाने के कारण विक्रेताओं का भी मनोबल कम होता है।



---

# गोरसी क्षेत्र में भालू के विचरण से ग्रामीणों में दहशत



**अनूपपुर।** जिले के जैतहरी तहसील एवं जैतहरी रेंज अंतर्गत गोरसी गांव से लगे जंगल में दो दिनों से भालू निरंतर विचरण कर रहा है जिसे देख ग्रामीण भयभीत है। भालू के विचरण की सूचना मिलने पर जैतहरी वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी भालू पर निगरानी रखते हुए ग्रामीणों को सतर्क रहने हेतु ग्राम पंचायत एवं अन्य के माध्यम से मुनादी कराई है। यह भालू सोमवार की सुबह कोयलारी नाला एवं तिपान नदी के समीप जंगल में विचरण करते हुए ग्रामीणों को दिखा रहा दिन में जंगल में विश्राम करने बाद देर शाम गोरसी के मैरटोला में विचरण करते आ गया था जिसे ग्रामीणों द्वारा भगाया गया था। मंगलवार के दिन वन विभाग द्वारा भालू के विचरण पर गश्ती कर ग्रामीणों को सुरक्षित रहने, अकेले जंगल में न जाने की सलाह दी है।

---

# शादी समारोह से वापस लौट रहे व्यक्ति की कुएं में गिरकर मौत



**वेंकटनगर।** जैतहरी थाना के वेंकटनगर चौकी अंतर्गत ग्राम कपरिया के (बडका टोला) में शादी समारोह से वापस लौट रहे व्यक्ति की कुआं में गिरने से मौत हो गई है, जहां पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को पीएम हेतु वेंकटनगर भेजा दिया है। पीएम होने के उपरांत शव परिजन को को सौंप कर जांच में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अपने ही गांव कपरिया के (बडका टोला) में एक शादी समारोह में गया हुआ था, जो लगभग 10 बजे के आसपास देखा गया था जिसके बाद 14 मई को कुआं के अंदर शव बरामद किया गया, मृतक मुकेश ओट्टी पिता दलवीर ओट्टी उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम कपरिया जिसके सर में गंभीर चोट लगी हुई थी। ग्रामीणों इसकी जानकारी वेंकटनगर पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कुआं से निकालकर पीएम के लिए भेजा है। जहां पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना का स्पष्ट कारण पता चल सकता है, वही पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मौके पर जैतहरी थाना से एसआई अमरलाल यादव, वेंकटनगर चौकी प्रभारी बालेन्द्र प्रताप सिंह बघेल, एएसआई रवी शंकर गुप्ता, प्रधान आरक्षक सुखदेव भगत, आरक्षक विक्रम

---

# जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक परीक्षा परिणाम रहा शानदार



**अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित नवोदय विद्यालय का परीक्षा परिणाम हर वर्ष की भांति शानदार रहा है। कक्षा 12 वीं में विज्ञान संकाय में कुल 44 बच्चों में से 43 बच्चे उत्तीर्ण रहे तथा एक को कंपार्टमेंट मिला। जिसमे से 42 बच्चे प्रथम श्रेणी में तथा 1 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण रहा। विज्ञान संकाय में अस्तित्व सोनी 94.2% के साथ प्रथम स्थान, मोहम्मद जासिम शैख 91.6% द्वितीय तथा अभिनव सिंह सेंगर 91.2% को तृतीय स्थान मिला। गणित विषय में प्रबल सोनी ने 100/100 अंक प्राप्त किया है वही रसायन विज्ञान में 82.6 % विषय औसत के साथ 17 बच्चों ने 90 से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। वाणिज्य संकाय में सभी 21 बच्चे उत्तीर्ण रहे। जिसमे से 6 बच्चे द्वितीय श्रेणी तथा 15 बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। प्रियंका कुशवाहा ने 84.2% के साथ प्रथम स्थान, उज्ज्वल तिवारी 83% के साथ द्वितीय तथा अतुल कुशराम 80.2% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं। वही कला संकाय में सभी 21 बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। सुमित कुमार साहू 89.4% के साथ प्रथम, कल्पना सिंह 89% के साथ द्वितीय तथा प्रिंस पटेल 88% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं। वही इतिहास में 83.29% विषय औसत तथा भूगोल में 89.19 % विषय औसत के साथ 12 बच्चों ने 90 से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। वही कक्षा 10वीं में 79 बच्चों में से 78 बच्चे उत्तीर्ण हुए तथा एक छात्रा को कंपार्टमेंट मिला है। जिसमे से 69 छात्र प्रथम श्रेणी में तथा 9 बच्चे द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। भव्य दत्ता 92.6% के साथ प्रथम, सत्यम मिश्रा 91% के साथ द्वितीय, अनादि श्याम व गुलशन सिंह मरावी 90.2% के साथ तृतीय तथा आयुष तिवारी 90 % के साथ चतुर्थ स्थान प्राप्त किए हैं। इस शानदार सफलता पर प्राचार्य डा. एसके राय ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसके लिए सभी विद्यार्थियों एवम शिक्षकों के मेहनत को श्रेय दिया है। साथ ही प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और पालकों को इस सफलता पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

---

# जहर से नव विवाहिता की मौत

### कारण अज्ञात, पुलिस कर रही जांच

**अनूपपुर।** जैतहरी थाना अंतर्गत खोलाड़ी गांव की निवासी एक नव विवाहित महिला ने सोमवार की दोपहर अज्ञात कारणो से जहरीला पदार्थ सेवन करने से गंभीर स्थिति में उपचार दौरान जिला चिकित्सालय अनूपपुर में मौत हो गई। घटना की जानकारी पर मंगलवार को कार्यपालिक दंडाधिकारी एवं जिला अस्पताल पुलिस के द्वारा मृतिका के मायका एवं ससुराल पक्ष की उपस्थिति में पंचनामा एवं अन्य कार्रवाही की। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जैतहरी थाना अंतर्गत ग्राम खोलाड़ी के घोघराटोला निवासी कमलेश सिंह की 22 वर्षीय पत्नी शांतिबाई सिंह जो सोमवार की दोपहर घर पर रही है अज्ञात कारण से सब्जी एवं अन्य फसलों में डालने वाली अत्यंत जहरीला पदार्थ का सेवन कर देने बाद गंभीर रूप से पीड़ति होने पर परिजनों द्वारा जैतहरी अस्पताल ले जाने पर प्राथमिक उपचार बाद देर शाम बेहतर उपचार हेतु चिकित्सक द्वारा जिला चिकित्सालय अनूपपुर रेफर किया गया जहां उपचार दौरान नव विवाहिता की देर शाम मौत हो गई। घटना की जानकारी ड्यूटी डॉक्टर द्वारा जिला अस्पताल पुलिस को दिए जाने पर मंगलवार की सुबह मृतिका के मायका गांगपुर थाना गोरेला (छत्तीसगढ़) में पिता एवं परिजनों को सूचित किए जाने पर मायका एवं ससुराल पक्ष की उपस्थिति में मंगलवार की सुबह कार्यपालिक दंडाधिकारी अनूपपुर मिथिला प्रसाद पटेल, जिला अस्पताल पुलिस चौकी प्रभारी हरपाल सिंह परस्ते ने पंचनामा एवं परिजनों की कथन लेते हुए कार्रवाई की तथा ड्यूटी डॉक्टर से मृतिका के शव का पीएम कराने बाद अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौपा गया है।



घटना की जानकारी जैतहरी थाना को प्रदाय की गई है। मृतिका शांतिबाई की बड़ी बहन सुषमा सिंह खोलाड़ी गांव में ही ब्याही है उसने तथा मृतिका के पिता ने बताया कि शांतिबाई कि विगत ढाई वर्ष पूर्व विवाह किया गया रहा है जो परिवार के साथ ससुराल में खुश रहती रही है। पता नहीं क्यों अज्ञात कारणों से उसने जहर खाया है जबकि पति कमलेश सिंह ने बताया कि वह गांव में ही एक शादी समारोह में कर रहा है घर पर पत्नी एवं परिवार के अन्य सदस्य रहे हैं। अचानक बताया गया कि पत्नी शांतिबाई की तबीयत खराब है जिसे हम लोग जैतहरी एवं अनूपपुर अस्पताल उपचार हेतु ले आये रहे हैं मेरी पत्नी ने किस कारण से जहर खाया यह मुझे ज्ञात नहीं है।

---

**नोटिस**

**न्यायालय - श्री रविन्द्र कुमार शिल्पी व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड कोतमा, जिला अनूपपुर (म.प्र.)**

**शंकर केवट वगैरह..... वादीगण**

**बनाम**

**धनीराम केवट वगैरह.....प्रतिवादीगण**

सिविल प्रकरण क्र.-2ए/2017 दावा दीवानी स्वत्व घोषणा बटनवारा एवं स्थायी निषेधाज्ञा बावत। दावा मूल्यांकित - 45,00,000/- रुपए

उपरोक्त उन्मान के अन्तर्गत वादीगण द्वारा ग्राम लहसुई, प.ह. कोतमा, रा.नि.मं. व तहसील कोतमा, जिला अनूपपुर (म.प्र.) की भूमि आराजी ख.नं. 34 रकवा 0.089 हे., ख.नं. 76 रकवा 0.207 हे., ख.नं. 78 रकवा 0.211 हे., ख.नं. 80 रकवा 0. 146 हे., ख.नं. 81 रकवा 0.061 हे., ख.नं. 82 रकवा 0.086 हे., ख.नं. 185 रकवा 0.081 हे., ख.नं. 303 रकवा 0.129 हे., ख.नं. 307 रकवा 0.142 हे., ख.नं. 392 रकवा 0.995 हे., ख.नं. 401 रकवा 0.599 हे., ख.नं. 403 रकवा 0.518 हे., ख.नं. 455/1 रकवा 0.324 हे., ख.नं. 455/2 रकवा 0. 324 हे., ख.नं. 827 रकवा 0.701 हे., ख.नं. 831 रकवा 0.725 हे., ख.नं. 832 रकवा 0.729 हे., ख.नं.847 रकवा 0.154 हे., ख.नं. 872 रकवा 0.397 हे., ख.नं. 874 रकवा 0. 178 हे., ख.नं. 876 रकवा 0.150 हे., ख.नं. 902 रकवा 0. 053 हे., ख.नं. 903 रकवा 0.364 हे., ख.नं. 897/1045 रकवा 0.190 हे. कुल 24 किता कुल रकवा 18.65 एकड़ भूमि के संबंध मे प्रतिवादीगण के विरूद्ध दावा प्रस्तुत किया है, उक्त दावा मे प्रतिवादी क्र. 24 (झ) नजात पति अब्दुल रसीद मा ताहरा निवासी अमलाई थाना अमलाई, तहसील बुढार, जिला शहडोल (म.प्र.) एवं प्रतिवादी क्र. 24 (ञ) फरहत पुत्री ताहरा निवासी धनपुरी वार्ड नं. 6, थाना धनपुरी, जिला शहडोल (म.प्र.) की उपस्थिति के लिये नियत है, उक्त प्रकरण मे अनुपस्थित प्रतिवादीगण को कई बार न्यायालय से नोटिस की कार्यवाही की गई है फिर भी उक्त प्रतिवादीगण उपस्थित नही हुये है, उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय मे दिनांक 16.05.2024 को प्रात: 11:00 बजे होगी।

अत: सूचित किया जाता है कि उक्त दिनांक व समय को इस न्यायालय मे अनुपस्थित प्रतिवादी क्र. 24 (झ) नजात पति अब्दुल रसीद मा ताहरा निवासी अमलाई थाना अमलाई, तहसील बुढार, जिला शहडोल (म. प्र. ) एवं प्रतिवादी क्र. 24 (ञ) फरहत पुत्री ताहरा निवासी धनपुरी वार्ड नं. 6, थाना धनपुरी, जिला शहडोल (म.प्र.) स्वयं उपस्थित होकर या अपने प्रतिनिधि व अपने अभिभाषक के माध्यम से उक्त दिनांक को आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त दिनांक तक कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत न होने पर वादीगण उक्त दावा की सुनवाई किया जाकर आदेश पारित किया जावेगा। उक्त दिनांक को अवकाश घोषित होने पर उक्त दावा की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को होगी।

मुद्रा

**रविंद्र कुमार शिल्पी**
**व्यावहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.)**

---

# मौसम के बदलाव ने जन-जीवन किया अस्त-व्यस्त

अनूपपुर/कोतमा। मंगलवार को अचानक मौसम में फिर से बदलाव आया जिसके कारण सुबह से ही रुक रुक कर आसमान में बादल छाए रहे।



जिले के कोयलांचल क्षेत्र मे दोपहर 2 बजे के बाद घने बादल छा गए और तेज गरज के साथ लगभग 15 मिनट तक धूल भरी आंधी चली और उसके बाद लगभग आधे घंटे तक लगातार तेज बारिश हुई। जिसके कारण एक बार फिर मौसम में ठंडक भूल गई और लोगो को गर्मी से राहत मिली। लगातार हो रहे मौसम में परिवर्तन के कारण हर दूसरे दिन आंधी तूफान चलने के साथ ही बारिश हो रही है जिसके कारण आम जनजीवन अस्त व्यस्त नजर आ रहा है। लोगों का कहना है कि इस बार मौसम का मिजाज समझ में ही नहीं आ रहा है।

### बाधित हुई विद्युत व्यवस्था

अचानक मौसम में आए बदलाव के कारण मंगलवार को दोपहर में तेज आंधी तूफान चलने के कारण जगह बिजली के खंबे टूट कर जमीन में गिर गए जिसके कारण घंटे विद्युत व्यवस्था नगर की बाधित हो गई। विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता केएस पटेल ने बताया कि मंगलवार को दोपहर में अचानक फिर से मौसम में बदलाव आ गया और तेज आंधी तूफान चलने के कारण विद्युत व्यवस्था अस्त व्यस्त हो गई। ग्रामीण क्षेत्र में कई जगह बिजली के खंबे टूट कर जमीन में गिर गए जिसके कारण विद्युत व्यवस्था बाधित हो गई। उन्होंने बताया कि वितरण केंद्र अंतर्गत बेलिया बड़ी फीडर मे लगभग तीन विद्युत के खंभे 11 केवी के टूट गए देखल गांव में एक नंबर डीपी टूट गई। परासी धुरवासिन एवं लतार फीडर अंतर्गत विद्युत के पोल टूट कर जमीन में गिर गए। उन्होंने बताया कि लगभग 12 बिजली के खंभे टूटकर जमीन में गिर गए हैं जिसके कारण बेलिया फीडर धुरवासिन गांव सहित लगभग 6 गांव की विद्युत व्यवस्था बाधित हो गई है। विद्युत कर्मचारियों के द्वारा मेंटेनेंस का कार्य शुरू कर दिया गया है, जल्द ही दुरूस्त कर ली जायेगी।